कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झालावाड़ (राज.)

(E-mail : dlsa21jhalawar@gmail.com, Ph. 07432-294065)

क्रमांक : 1211 दिनांक : 12.04.2023

:: विज्ञप्ति ::

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झालावाड़ जिला झालावाड़ के न्याय क्षेत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ मुख्यालय हेतु 04 पद एवं 05 तालुका विधिक सेवा समिति अकलेरा, भवानीमंडी, चौमहला, खानपुर एवं पिड़ावा पर एक–एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कुल 09 पद व स्थाई लोक अदालत झालावाड़ हेतु 02 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पद के विरुद्ध कुल 11 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवाएं विपरीत प्रतिनियुक्ति पर दिनांक 29.02.2024 अथवा नियमित भर्ती होने तक जो भी पूर्व में हो के लिए कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 08.02.2018 एवं 14.11.2018 तथा संविदा सेवाओं के संबंध में वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्रों के दिशा निर्देशों के अनुसार ली जानी है।

इच्छुक आवेदक निम्न शर्तों के अध्यधीन अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त पदों पर सेवाओं के फलस्वरूप पारिश्रमिक राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित नियमों, विनियमों के अनुसार देय होगा। आवेदक को पुनर्नियुक्ति हेतु वांछित स्थान का विकल्प वरीयता में देना होगा–

1. राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित नियमों व विनियमों के अनुसार पारिश्रमिक देय होगा।
2. आवेदक को पुनर्नियुक्ति हेतु वांछित स्थान का विकल्प देना होगा।
3. सेवानिवृत्त कार्मिक जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं हुई हो वे ही आवेदन कर सकते हैं।
4. उक्त संवर्ग की सेवायें राज्य सरकार द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर से प्राप्त निर्देशों/आदेशों के अध्यधीन प्रभावी रहेगी।
5. उपरोक्त वर्णित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पद पर उपरोक्त शर्तों के अध्यधीन सेवाएं देने वाले इच्छुक कर्मचारी 15.04.2023 को दोपहर 01.00 बजे तक संलग्न प्रारूप में इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
6. आवेदक जिला न्यायालय की वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/jhalawar से आवेदन–पत्र डाउनलोड कर अथवा इस कार्यालय से प्राप्त कर सकता है।
7. आवेदक दिनांक 15.04.2023 के पश्चात् आगामी निर्देशों की जानकारी हेतु कार्यालय के नोटिस बोर्ड व जिला न्यायालय की वेबसाईट का अवलोकन नियमित रूप से करें।
8. आवेदन व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर या डाक द्वारा भिजवाये जा सकते हैं। नियत समय पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
झालावाड़

Agreement for Retired Employee

क्रमांक : 1212 — 1223 दिनांक : 12.04.2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. श्रीमान् सदस्य सचिव महोदय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर
2. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, समस्त राजस्थान।
3. श्रीमान् जिला एवं सेशन न्यायाधीश, झालावाड़।
4. तालुका विधिक सेवा समिति अकलेरा/भवानीमंडी/चौमहला/खानपुर/पिड़ावा
5. जिला नियोजन अधिकारी, झालावाड़
6. सिस्टम ऑफिसर जिला एवं सेशन न्यायालय झालावाड़ जिला झालावाड़ की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. नोटिस बोर्ड जिला न्यायालय/कार्यालय हाजा।
8. समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ई—मेल आई.डी. पर

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
झालावाड़

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झालावाड़ (राज.)

(E-mail : dlsa21jhalawar@gmail.com, Ph. 07432-294065)

(राज्य सरकार के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की विपरीत प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं लेने के लिए)

01. कर्मचारी का नाम : ....

02. पिता/पति का नाम : ....

03. जन्म तिथि : ....

04. पता मय मोबाइल नम्बर : ....
....
....
....

05. आयु दिनांक 31.03.2023 : .... वर्ष .... माह .... दिन

06. अर्हताएं : ....

07. मूल विभाग का नाम : ....
....
....

08. धारित पद : ....

09. अनुभव : ....
....
....

10. मूल वेतन (रनिंग पे–बैण्ड वेतन, गेड–पे) पे–स्लीप / एल.पी.सी. संलग्न करें) : ....

11. धारित पद का वेतनमान (सेवानिवृत्ति के समय) : ....

12. विभागाध्यक्ष का प्रमाण पत्र : ....

13. विपरीत प्रतिनियुक्ति हेतु वांछित स्थान का नाम मय वरीयता अनुसार:

(1) .... (2) .... (3) ....

(4) .... (5) .... (6) ....

हस्ताक्षर
मय दिनांक

विपरीत प्रतिनियुक्ति के लिए कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षरित किये जाने के लिए वचनबंध

अधोहस्ताक्षरी राज्य सरकार के कार्मिकों के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर से पाप्त आदेशों/निर्देशों में दिये गये समस्त निर्बधनों और शर्तों के अनुसरण में राज्य सरकार में विपरीत प्रतिनियुक्ति की सेवाओं को स्वीकार करने का इच्छुक है। अधोहस्ताक्षरी उक्त निर्बधनों और शर्तों को मानने के लिए इसके द्वारा सहमत है और वचन देता है।

दिनांक :

स्थान : हस्ताक्षर